C-7a U-2C pedagogy of Commerce

Q: What is the importance of lesson and unit plan in commerce teaching and learning process?

वाणिज्य शिक्षण व अधिगम प्रक्रिया में पाठ और इकाई योजना का महत्व बतायें।

Ans. वाणिज्य शिक्षण व अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी एवं उपयोगी बनाने के लिए पाठ्य योजना एवं इकाई योजना की महत्ता बढ़ जाती है क्योंकि पाठ्य योजना का निर्माण अधिगम के भिन्न-भिन्न उपागमों से जोड़कर ही अधिगम प्रक्रिया को उपयोगी बनाया जाता है जिसके कारण पाठ्य योजना के अंतर्गत ही एक शिक्षक उपयोगी बनाकर अधिगम प्रक्रिया से जोड़ता है। यही पाठ्य योजना व्यापक आधारों से अधिगम की क्रिया को एक योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार महत्व बढ़ाती है।

पाठ्य योजना का महत्व निम्न है।—

(i) पाठ योजना के द्वारा कक्षा में शिक्षण की क्रियाओं तथा सहायक सामग्री की पूर्ण जानकारी हो जाती है।

(ii) विषय-वस्तु के स्वरूप एवं प्रस्तुतीकरण को निश्चित करने में सहायक है।

(iii) इसमें विषय-वस्तु के सभी तत्वों का उल्लेख किया जाता है।

(iv) इसकी सहायता से शिक्षण क्रियाओं का अधिगम स्वरूपों से संबंध स्थापित किया जाता है।

(v) छात्राध्यापकों को पाठ योजना कक्षाकक्ष की क्रियाओं के लिए रूपरेखा प्रदान करती है।

(vi) पाठ योजना के द्वारा पूर्व ज्ञान के आधार पर नवीन ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे पाठ में सरलता तथा नवीनता आ जाती है।

(vii) शिक्षण की प्रभावशीलता, सफलता तथा प्रगति सुव्यवस्थित पाठ योजना पर निर्भर करती है।

(viii) छात्रों के स्तरानुसार पाठ योजना में शिक्षण बिंदुओं का निर्धारण किया जाता है।

(ix) यह छात्रों को अधिगम उपलब्धि के मापन हेतु आधार प्रदान करता है।

(x) इसके द्वारा समय तथा शक्ति की बचत होती है।

(xi) पाठ योजना के द्वारा शिक्षण को अधिक उद्देश्यपरक तथा सार्थक बनाया जाता है।

(xii) पाठ योजना में शिक्षण विधियों, शिक्षण व्यूह रचना तथा शिक्षण सामग्री के संबंध में निर्णय लिया जाता है।

(xiii) इसकी सहायता से शिक्षण को व्यावहारिक रूप प्रदान किया जाता है।

- **इकाई योजना (Unit Plan) :-** इकाई योजना के अंतर्गत अध्यापक किसी इकाई (Unit) की विषय-वस्तु को एक निश्चित क्रम में क्रमबद्ध (systematic) ढंग से प्रस्तुत करने की कार्य-योजना (working plan) बनाता है तथा उसको विभिन्न उप-इकाइयों (Sub-units) में प्रस्तुत करता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि उप-इकाइयों को एकीकृत रूप में प्रस्तुत करना ही इकाई योजना है।

- **इकाई योजना का महत्व :-**

(i) यह बालकों को सीखने के अधिक अवसर प्रदान करता है।

(ii) यह छात्रों की रुचि एवं आवश्यकता के अनुसार विषय-वस्तु का संगठन करता है।

(iii) वाणिज्य की विषय-वस्तु को जीवनोपयोगी तथा अधिक व्यावहारिक रूप प्रदान करता है।

(iv) विभिन्न इकाइयों के आधार पर शिक्षण विधियों, सहायक सामग्री तथा मूल्यांकन की प्रविधियों का निर्धारण करता है।

(v) किसी समस्या, सिद्धान्त, नियम व सूत्र

पर केंद्रित विषय - वस्तु को विभिन्न उपखंडों में बाँटता है।.

(vi) मूल्यांकन हेतु उचित विधियों एवं प्राविधियों का निर्धारण करता है।.

(xii) बालकों की समग्र (whole) या पूर्णाकारवाद (Gestalt Psychology) पर आधारित ज्ञान प्रदान करता है।.

इकाई योजना एवं पाठ योजना में अंतर (Difference between Unit Plan and Lesson Plan)

इकाई योजना (Unit Plan)	पाठ योजना (Lesson Plan)
1. इकाई योजना स्वरूप बोधगम्य एवं व्यापक होता है।	1. पाठ योजना का स्वरूप संकुचित होता है।.
2. इसमें संपूर्ण विषय-वस्तु को एक इकाई माना जाता है।	2. यह इकाई योजना का एक अंग होती है।
3. इसका निर्माण संपूर्ण इकाई को ध्यान में रखकर किया जाता है।	3. इसका निर्माण किसी एक प्रकरण को ध्यान में रखकर किया जाता है।.
4. इकाई योजना मूल्यांकन के लिए आधार प्रस्तुत करती है।	4. यह छात्रों की अधिगम-उपलब्धि के मापन को आधार प्रदान करती है।.